युवराज

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 10+19 तिथि : 19 जून 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## सुशांत के बाद म्यूजिक इंडस्ट्री से भी ऐसी खबर आ सकती है, क्योंकि जिस तरह से म्यूजिक इंडस्ट्री में माफिया सक्रिय है : सोनू निगम



न्यूज टुडे खोज खबर





डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,


बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से लोग ये जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर उन्होंने ये कदम क्यों उठाया. सोशल मीडिया में बॉलीवुड इंडस्ट्री में भाई– भतीजावाद को लेकर आवाज उठा रही है. इस बहस के बीच में सिंगर सोनू निगम ने एक वीलॉग शेयर किया है, जिसके वो ये अगाह करते नजर आ रहे हैं कि सुशांत के बाद म्यूजिक इंडस्ट्री से भी ऐसी खबर आ सकती है, क्योंकि जिस तरह से म्यूजिक इंडस्ट्री में माफिया सक्रिय है. उनके काम करने का तरीका नए बच्चों को परेशान कर रहा हैं.

कई हिट गानें दे चुके सिंगर सोनू निगम ने सुशांत की मौत के बाद म्यूजिक इंडस्ट्री में नए सिंगर्स का हाल बयां किया है. सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले सोनू निगम ने अपने इंस्टग्राम पर एक वीलॉग शेयर किया है. लगभग साढ़े सात मिनट के इस वीडियो में सोनू निगम ने बताया है कि किस तरह एक–दो लोगों ने पूरी म्यूजिक इंडस्ट्री पर अपना कब्जा जमा रखा है और वो ही तय करते हैं, किससे गाना गवाना है और किससे नहीं.

वीलॉग में सोनू निगम ने कहा– 'गुड मॉर्निंग, नमस्ते... मैंने बहुत दिनों से वीलॉग नहीं किया. असल में मेरा मूड नहीं था. पूरा भारत कई प्रेशर से गुजर रहा है. एक तो मेंटल और इमोशनल प्रेशर, सुशांत सिंह राजपूत के जाने के बाद में. दुख होना लाजमी भी है, क्योंकि अपने सामने एक जवान जिंदगी को जाते हुए देखना आसान नहीं है. कोई बहुत निष्ठुर ही होगा, जिसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता हो. इसके अलावा भारत–चीन के बीच जो चल रहा है,जिसमें भारत के 20 जवान जो घंटों लड़ने के बाद, तड़प–तड़प कर मरे हैं. मैं एक भारतीय हूं लेकिन उससे भी ज्यादा एक इंसान हूं आपकी तरह. मुझे दोनों ही चीजें ठीक नहीं लगतीं. क्या चल रहा है मारा–मारी. इंसान, इंसान को मार रहा है. ये चीजें समझदारी से भी हैंडल हो सकती हैं अगर इंसान चाहे तो. भारत तो चाहता है लेकिन सामने वाला शायद तैयार नहीं है या फिर उसका एजेंडा है कोई. जो दुख की बात है सभी लोगों के लिए..'

आगे उन्होंने कहा– 'मैं इस वीलॉग से एक रिक्वेस्ट करना चाहता हूं, खासकर म्यूजिक इंडस्ट्री से. क्योंकि आज सुशांत सिंह राजपूत मरा है. एक एक्टर मरा है. कल को आप किसी सिंगर के बारे में भी ऐसा सुन सकते हैं या फिर किसी म्यूजिक कंपोजर के बारे में भी या किसी गीतकार के बारे में सुन सकते हैं. क्योंकि म्यूजिक इंडस्ट्री का जो माहौल है हमारे देश में, फिल्मों से बड़ा माफिया म्यूजिक इंडस्ट्री में है दुर्भाग्य से. मैं समझ सकता हूं कि बिजनेस करना जरूरी है लोगों के लिए. सभी को लगता है कि वो बिजनेस को रूल करें. मैं लकी था कि बहुत कम उम्र में आ गया था तो मैं इस चंगुल से निकल गया. लेकिन जो नए बच्चे आए हैं उनके लिए बहुत मुश्किल है. मैं सबसे बात करता हूं. कितने लड़के–लड़कियां मुझसे इस बारे में बात करते हैं. वो बच्चे हैं, परेशान हैं वो कि निर्माता काम करना चाहते हैं, निर्देशक काम करना चाहते हैं, म्यूजिक कंपोजर काम करना चाहते हैं लेकिन म्यूजिक कंपनी बोलेगी कि ये हमारा आर्टिस्ट नहीं है. मैं समझ सकता हूं कि आप. लोग बहुत बड़े हैं, आप लोग म्यूजिक इंडस्ट्री को कंट्रोल करते हैं कि रेडियो में क्या बजेगा, फिल्मों मे.. लेकिन ऐसा मत कीजिए. दुआ–बद्दुआ बहुत बड़ी चीज होती है. ये ठीक नहीं है. ये जो दो लोगों के हाथों में ताकत है न, दो लोग हैं बस म्यूजिक इंडस्ट्री के, दो कंपनी है. उनके हाथों में ताकत है कि वो तय करें कि इसको गवाओ, इसको मत गवाओ..'

## मोतिहारी में आइसा के छात्र नेता के घर से हथियारों का जखीरा बरामद, 11 लोग गिरफ्तार



अपराध






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,


बड़ी खबर मोतिहारी से आ रही है, जहां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छात्र संगठन आईसा के नेता के घर से हथियारों का जखीरा बरामद किया है. इसके साथ ही मौके से 11 लोग को गिरफ्तार किया गया है.

बताया जा रहा है कि मोतिहारी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियारों को जमा किया जा रहा है. गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ने छात्र संगठन आईसा के नेता मधुसूदन के घर पर छापेमारी करते हुए दो रेगुलर पिस्टल, तीन देशी कट्टा और 30 जिंदा कारतूस को बरामद किया है.

इसके साथ ही मौके से कई धारदार हथियार बरामद किया गया है. पुलिस ने मौके से चोरी की सात बाइक भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है. वहीं गिरफ्तार किए गए सभी लोगों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और उनसे पूछताछ की जा रही है. इतनी बड़ी मात्रा में हथियार जमा करने के पीछे का कारण पता लगाया जा रहा है. वहीं गिरफ्तार अपराधियो से पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार लगातार छापामारी जारी है.

## कोरोना संक्रमण को देखते हुए खासे इंतजाम के बीच 19 सीटों के लिए वोटिंग आज, महाराजा और राजा का राज्यसभा जाना तय




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,


न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




राज्यसभा की 19 सीटों में आंध्र प्रदेश और गुजरात से 4–4, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 3–3, झारखंड से 2 और मणिपुर, मिजोरम मेघालय से 1–1 सीट पर चुनाव होने हैं. मणिपुर में सत्तारूढ़ गठबंधन के नौ सदस्यों के इस्तीफे के कारण वहां भी चुनाव रोचक होने की संभावना है.

देश के आठ राज्यों से राज्यसभा की 19 सीटों के लिए शुक्रवार को चुनाव होने हैं. गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी औ कांग्रेस के बीच करीबी मुकाबला होने की संभावना है. कोरोना वायरस महामारी के कारण 18 सीटों पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था. बाद में चुनाव आयोग ने कर्नाटक से चार सीटों, मिजोरम और अरूणाचल प्रदेश से एक–एक सीट के लिए चुनाव करवाने की घोषणा की. चुनाव आयोग ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए खास इंतजाम किए हैं.

राज्यसभा की 19 सीटों में आंध्र प्रदेश और गुजरात से 4–4, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 3–3, झारखंड से 2 और मणिपुर, मिजोरम मेघालय से 1–1 सीट पर चुनाव होने हैं. मणिपुर में सत्तारूढ़ गठबंधन के नौ सदस्यों के इस्तीफे के कारण वहां भी चुनाव रोचक होने की संभावना है. बीजेपी ने लीसेम्बा सानाजाओबा को और कांग्रेस ने टी मंगी बाबू को उम्मीदवार बनाया है.

मध्य प्रदेश में राज्यसभा की 3 सीटों के लिए आज हो रही वोटिंग में स्थिति लगभग साफ है. बीजेपी से 'महाराज' ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस से राजा दिग्विजय सिंह का राज्यसभा के लिए चुनाव तय माना जा रहा है.

गुजरात में राज्यसभा की 4 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है. चुनाव आयोग की ओर से कोरोना को लेकर भी विधायकों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं. सबसे पहले विधानसभा में विधायकों का थर्मल स्क्रीनिंग होगी, फिर हाथों में सफेद रंग की पट्टी लगाई जाएगी. इससे चुनाव आयोग में काम करने वाले अधिकारियों को इस बात की जानकारी रहेगी कि विधायकों का तापमान सामान्य है. चुनाव आयोग ने एक पूरी मेडिकल टीम जिसमें 3 डॉक्टर, 8 नर्स और इमरजेंसी एंबुलेंस को भी विधानसभा में जरूरत पड़ने पर तैनात रहने के लिए कहा है.

राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी विधायक को तोड़ने के आरोपों के बीच उन्हें अलग–अलग होटलों में छिपा रखा है. तीन सीटों की लड़ाई में चार उम्मीदवारों में से दो कांग्रेस के व दो बीजेपी के हैं. कांग्रेस ने केसी वेणुगोपाल और नीरज डांगी और बीजेपी ने राजेंद्र गहलोत और ओंकार सिंह लेखावत को नामित किया है.

आंध्र प्रदेश से राज्यसभा के लिए चार सदस्यों का चुनाव होगा. विधानसभा में पर्याप्त संख्या रहने के कारण सत्तारूढ़ वाइएसआर कांग्रेस के चारों सीटों पर जीत हासिल करने के आसार हैं. वर्ष 2014 में राज्य के बंटवारे के बाद पहली बार यहां राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हो रहा है.

## डीएम फॉर यूथ कार्यक्रम में डीएम ने कहा-परीक्षा के प्रत्येक चरण को एक समान महत्व देते हुए सकारात्मक माहौल में करें तैयारी

अच्छी पहल







सम्राट,
संवाददाता


मोतिहारी समाहरणालय स्थित राधाकृष्णन भवन में जिलाधिकारी शीर्षत कमल अशोक की अध्यक्षता में डीएम फॉर यूथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस दौरान डीएम ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के टिप्स देते हुए कहा की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए प्रबल इच्छाशक्ति की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपनी अभिरुचि के अनुरूप एवं सिलेबस के अनुसार तैयारी,साथ ही नियमित अंतराल पर स्व मूल्यांकन निसंदेह प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता में निर्णायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए यह आवश्यक है कि परीक्षा के प्रत्येक चरण को एक समान महत्व देते हुए सकारात्मक माहौल में तैयारी की जाए। विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का गहन विश्लेषण एवं उसके अनुसार तैयारी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक होती है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों एवं ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिला प्रशासन नियमित अंतराल पर विभिन्न विषयों में निपुण व्यक्तियों द्वारा प्रतिभागियों के मार्गदर्शन के लिए यह कार्यक्रम किया है।

जिसमें यथासंभव जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं महत्वपूर्ण पदो पर कार्यरत पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के संदर्भ में अपने अनुभवों को साझा किया जाएगा। कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े प्रतिभागियों में खालिद अहमद, अजित गुप्ता व सौरभ मिश्रा आदि के पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता समीर सौरभ ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक है कि आत्मविश्वास के साथ तैयारी की जाए। समूह अध्ययन एवं निर्धारित सिलेबस के अनुसार अध्ययन में निरंतरता, समाचार पत्रों का सतत अवलोकन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित वरीय उप समाहर्ता दीप शिखा ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूर्ण मनोयोग से अध्ययन में निरंतरता को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं वरीय उप समाहर्ता मेघा कश्यप ने प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के संदर्भ में अपने अनुभवों को साझा किया। बताया कि प्रबल इच्छा शक्ति से नौकरी में रहते हुए उच्च पदों से संबधित प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। समय प्रबंधन को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हेतु महत्वपूर्ण बताया।

★जिलाधिकारी शीर्षत कमल अशोक ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा के प्रत्येक चरण को एक समान महत्व देते हुए सकारात्मक माहौल में करें तैयारी।

★★प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक है कि आत्मविश्वास के साथ करें तैयारी।

★★★प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए प्रबल इच्छाशक्ति की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

★★★★अपनी अभिरुचि के अनुरूप एवं सिलेबस के अनुसार तैयारी, साथ ही नियमित अंतराल पर स्व मूल्यांकन निसंदेह प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता में निर्णायक सिद्ध होता है।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# तिरहुत कमिश्नर ने जिलावार सात निश्चय की संचालित योजनाओं का वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए दिए निर्देश


सम्राट, संवाददाता




तिरहुत कमिश्नर पंकज कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिला वार सात निश्चय के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए गए। वहीं नल जल एवं नली गली पक्कीकरण योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्मित शौचालयों के जियो टैगिंग एवं शौचालय निर्माण के एवज में प्रोत्साहन राशि भुगतान की अद्यतन स्थिति, जल जीवन हरियाली अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों के विरूद्ध उपलब्धि की अद्यतन स्थिति एवं निर्वाचन संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए।

इस अवसर पर मोतिहारी जिलाधिकारी शीर्षत कमल अशोक ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 4976 चयनित वार्ड में नल जल योजना पूर्ण हो चुका है। कुछ दिनों में 236 वार्डो में पंचायती राज विभाग से संचालित नल जल योजना पूर्ण होने की संभावना है। वर्णित योजना के संदर्भ में जिला की उपलब्धि लगभग 95 फीसद है। गली नली पक्कीकरण योजना के संदर्भ में जिला की उपलब्धि वर्तमान में चार सौ अट्ठाइस हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत लगभग 77 फीसद शौचालयों का जियो टैगिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सभी प्रखंडों में समेकित रूप से उन्नीस सौ पांच महादलित टोला का चयन किया गया है। जहां सामुदायिक स्वछता परिसर, सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उक्त के संदर्भ में वर्तमान में लक्ष्य के विरूद्ध 192 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है। वहीं 36 स्थलों पर सामुदायिक स्वछता परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही दस स्थलों पर सामुदायिक स्वछता परिसर, सामुदायिक शौचालय उपयोग के लिए हस्तांतरित किया जा चुका है।

पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के उद्देश्य से संचालित जल जीवन हरियाली अभियान के तहत राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान के तहत जिले में पांच लाख, 26 हजार पौधारोपण का लक्ष्य है। पौधारोपण अभियान एक जुलाई से प्रारंभ होने की संभावना है। वर्तमान में जलजीवन हरियाली अभियान के तहत निर्धारित विभिन्न मानकों के आधार पर जिला की रैंकिंग संपूर्ण राज्य में 14 वें नंबर पर है।जलजीवन, हरियाली अभियान के तहत जल संरक्षण के उद्देश्य से लघु जल संसाधन, मनरेगा द्वारा तालाबों का निर्माण, जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्रो में लगभग 32प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र में लगभग दस प्रतिशत सार्वजनिक कुआं का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है।

# बेलबनवा से चार बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने टाली बड़ी घटना, शातिर अंगेश मौके से हुआ फरार


रिंकू गिरी, संवाददाता

अपराध




मोतिहारी नगर थाना पुलिस ने शहर के बेलबनवा मोहल्ले में गुप्त सूचना के आधार पर 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल, चाकू व 5 जिंदा कारतूस मिले हैं। एसपी नवीन चन्द्र झा ने बताया है कि गिरफ्तार बदमाशों में बेलबनवा का शातिर सचिन कुमार उर्फ राजीव रंजन सिंह, गांधी नगर रमना का पुट्टू कुमार, हेनरी बाजार का अमन राज व गोपी कुमार शामिल है। सचिन के विरुद्ध पकड़ीदयाल में हत्या के अलावे नगर व छ्तौनी थाने में लूट की योजना बनाते व आर्म्स एक्ट के मामले पहले से दर्ज है।

26 सितम्बर 16 को नगर थाने में दर्ज मामले में जेल गया था। वहीं 22 जुलाई 16 को थरबिटिया के मुखिया पर फायरिंग करने के मामले में सचिन के विरुद्ध पकड़ीदयाल थाने में एफआईआर दर्ज हुआ था। छतौनी में 19 मार्च 2018 को उसके विरुद्ध मामला दर्ज है। फिलवक्त पुलिस ने चार बदमाशो को गिरफ्तार कर शहर में एक बड़ी घटना को टालने में कामयाबी हासिल की है। बताया गया है कि लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में बदमाश जुटे थे।पुलिस टीम में नगर इंस्पेक्टर अभय कुमार , दारोगा अरुण कुमार झा सहित सशत्र बल के जवान शांमिल थे।

## भाग निकला शातिर अंगेश

बेलबनवा से गिरफ्तार चार अपराधियों का एक सहयोगी अंगेश कुमार दूसरी मंजिल से छलांग लगा कर भाग निकला। कोटवा थाने के जगिरहा गाव का शातिर अंगेश के विरुद्ध भी कई आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। फिलवक्त पुलिस अंगेश व इस गैंग के कुछ अन्य सदस्यों को चिन्हित किया है जिसके विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।

युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज
RNI:- BIHHIN05409
News Today Digital Paper Tarrif

Back Page Full : 27.94 X 43.18 cm = 55000.00
Back Page Half : 13.97 X 21.59 cm = 30000.00
Back Page Quarter : 06.98 X 10.79 cm = 20000.00
Complimentery Ad : 04.00 X 06.00 cm = 5000.00
Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# राजधानी पटना के कई इलाकों में रात भर हुई बारिश से झील की स्थिति बन गई, पटना का राजेंद्र नगर इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित


रिंकू गिरी, संवाददाता




राजधानी पटना के लोगों को एक बार फिर से बाढ़ का खतरा सताने लगा है. गुरुवार की रात हुई झमाझम बारिश से पटना शहर के कई इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए. मानसून की पहली जोरदार बारिश ने ही पटना नगर निगम के उन सारे दावों की हकीकत को बयां कर दिया है जिसने पिछले साल से सबक लेते हुए इस बार पटना को डूबने से बचाने का दावा किया गया था.

## ये इलाके हुए ज्यादा प्रभावित

कई इलाकों में रात भर हुई बारिश से झील की स्थिति बन गई पटना का राजेंद्र नगर इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है यहां बहादुरपुर, रामपुर समेत कई मोहल्ले पूरी तरह से जलमग्न हो गए. दूसरी ओर पटना के ही राजबंशी नगर इलाके में भी कई घरों में पानी घुस गया है. यही हाल पुनाईचक समेत अन्य इलाकों का भी रहा है. पटना के पॉश इलाके में शुमार बेली रोड पर कई जगह पानी जमा हो गया है तो वहीं इनकम टैक्स चौराहा के पास स्थित विद्युत भवन के कैंपस में भी जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है.

## कई घरों में घुसा पानी

पटना के ही पाटलिपुत्र कॉलोनी, फुलवारीशरीफ और अनीसाबाद के कई मोहल्लों में भी जलजमाव की खबर है. कई घरो में बरसात का पानी इतना घुस गया है कि घर में रखा सारा सामान बर्बाद हो गया है. पहली बारिश ने ही पटना में नाला उड़ाही की हकीकत को पूरी तरह से सामने लाकर खड़ा कर दिया है साथ ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम की भी पोल खोल दी है. जलजमाव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

CSC ID: 117745760015
CSC
E-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED
Digital India Power To Empower
भारत सरकार
डिजिटल सेवा
कॉमन सर्विस सेन्टर
अष्टाना-निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401.
मो०: 9471005272 / 8210595830

# गलवन में धोखे से चीन द्वारा भारतीय सेना पर हमले के खिलाफ नवयुवक सेना ने कचहरी चौक पर कैंडल मार्च निकाला और शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी


संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




गलवन में धोखे से चीन द्वारा भारतीय सेना पर हमले के खिलाफ बुधवार की शाम नवयुवक सेना ने कचहरी चौक पर कैंडल मार्च निकाला और शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बिहार नवयुवक सेना के संस्थापक अध्यक्ष अनिकेत रंजन ने कहा कि बार–बार के छेड़छाड़ से एक बार का युद्ध अच्छा रहेगा। देश के रक्षा मंत्री से आग्रह है कि हमला करें और थोड़ा थोड़ा ट्रेनिग लेकर हम नौजवानों को भी बॉर्डर पर भेजने का काम करें जहां देश के वीर सपूत शहीद हो रहे हैं वह हम भी पीछे नहीं रहेंगे।

वही छात्र प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पर मुन्ना सिंह ने कहा कि देश की रक्षा में अपनी जान गवां देने वाले वीर सैनिकों और उनके पूरे परिवार के साथ भारत के 130 करोड़ लोग साथ है। वहीं मौके पर केसरिया प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने कहा कि जवानों के साथ हम सभी दुखी हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शुभम राज गुप्ता, डॉ अमित कुमार, चंदन गुप्ता, आलोक चौबे, विजय कु द्विवेदी, अनीश गुप्ता, राहुल गुप्ता, पवन कुमार, दीपक सिंह, रवि बैठा, नीरज बैठा, आदित्य चौबे, लक्षमण साह, सुदीश शर्मा, सुमित कुमार, विवेक मिश्रा, संतोष कुमार, राजाबाबू, अभिषेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।




युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272







# राजद मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने पूर्व प्रत्याशी सुरेश सहनी


आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर मोतिहारी विधानसभा से प्रत्याशी रहे सुरेश सहनी को राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी ने प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन कर पत्र जारी किया है। मनोनयन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्री सहनी एक जुझारू नेता हैं। वे पूर्व में भी राजद के टिकट पर गोविंदगंज एवं मोतिहारी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। इनके मनोनयन से पार्टी काफी मजबूत होगी।

श्री सहनी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर राजद जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, प्रधान महासचिव संतोष कुशवाहा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवहर फैसल अली, विधायक राजेंद्र राम, डॉ.राजेश कुमार, फैसल रहमान, डॉ.शमीम अहमद, राजद नेता जितेंद्र प्रसाद, शिवलाल सहनी, शौकिलाल सहनी, भोला तुरहा, अरुण कुशवाहा,लालबाबू यादव, कृष्णा दास, मिथुन कुशवाहा, शंकर गिरी, सुबोध प्रसाद, कमल देव प्रसाद, ध्रुव नारायण ठाकुर, किशनदेव सहनी, ठाकुर प्रसाद, आदि नेताओं ने बधाई दी है।

# सांसद एवं कला व संस्कृति युवा विभाग के मंत्री समेत अन्य नेताओं ने शहिदों को दी श्रद्धांजलि





रिंकू गिरी,
संवाददाता

मोतिहारी भाजपा जिला कार्यालय में मोतिहारी सांसद, रेलवे स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने गलवान घाटी में शहीद हुए 20 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे नेता की है,जो कभी देश को निराश नहीं कर सकते। उनका सम्पूर्ण जीवन ही राष्ट्र के लिए समर्पित है।

देशवासियों को विश्वास है कि हिंदुस्तान को जो छेड़ता है, मोदी जी उसको नहीं छोड़ते हैं।

वहीं दूसरी ओर भाजपा नगर कार्यालय में मंत्री,कला–संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार प्रमोद कुमार ने भी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

उक्त दोनों श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, जिला महामंत्री द्वय डॉ०लाल बाबू प्रसाद एवं मार्तण्ड नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद कलाम, नगर अध्यक्ष उत्तरी मंडल योगेंद्र प्रसाद, मदन मोहन मिश्रा,श्यामल कुमार,ओमप्रकाश सिंह,डॉक्टर नरेंद्र सिंह,मनोज कुमार,उत्तम मिश्रा,सुमन सिंह,सागर सुमन ,संजीत कुमार ,मनीष कुमार,राम प्रसाद,उदेश कुमार,अंशु कुमार के साथ अन्य लोगों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830